भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति भावना का रजत जयंती स्थापना दिवस दिनांक 25, अगस्त 2024 को द इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स के प्रेक्षागृह रिवरबैंक कालोनी , लखनऊ में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भावना के अध्यक्ष श्री जगमोहन लाल वैश्य जी ने की। मुख्य अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज के श्वसन विभाग के विभागाध्यक्ष मां.डा. सूर्य कान्त जी तथा विशिष्ट अतिथि श्री शोभित नारायण अग्रवाल थे। कार्यक्रम में भावना के संस्थापक सदस्य तथा संरक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता , उपाध्यक्ष श्री तुंगनाथ कनौजिया , हेल्पेज इंडिया के निदेशक श्री अनूप पन्त , प्रमुख सचिव श्री रमा कान्त पाण्डेय , महासचिव प्रशासनिक श्री आर.के.चुघ , महासचिव कार्यान्वयन इं.श्री जगमोहन लाल जायसवाल जी,महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री रमा कान्त पाण्डेय जी किया तथा मंच पर विराजमान सभी महानुभावों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा भावना द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की । शिक्षा सहायता का वितरण इं. जगमोहन लाल जायसवाल जी ने कराया। 19 विद्यालयों के निर्धन किन्तु प्रतिभाशाली कक्षा 1 से 12 तक के 130 छात्र/छात्राओं को फीस के रूप में शिक्षा सहायता की प्रथम किश्त चेक द्वारा विद्यालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई तथा प्रायोजित विशिष्ट पुरस्कारों से भावना द्वारा सहायतित कक्षा-12 उत्तीर्ण सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रथम एवं द्वितीय छात्र/छात्राओं को क्रमशः रु. 21,000.00 (इक्कीस हजार मात्र) तथा रु. 15,000.00 (पन्द्रह हजार मात्र) के पुरस्कार और कक्षा - 10 उत्तीर्ण सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रथम एवं द्वितीय छात्र छात्राओं को क्रमशः रु.11,000.00 (ग्यारह हजार मात्र) तथा रु.10,000.00 (दस हजार मात्र) के विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल रु.1,43,000.00 (रु. एक लाख तैंतालिस हजार एक सौ मात्र) की शिक्षा सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष महोदय ने सभी अतिथियों , सदस्यों छात्र छात्राओं तथा विद्यालयों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया और राष्ट्र गान के बाद सभा समाप्ति की घोषणा की। सभी छात्र छात्राओं को तथा विद्यालय के प्रतिनिधियों को लंच पैकेट उपलब्ध कराये गये.भावना के सदस्यों के लंच के बाद, कार्यक्रम का समापन किया गया।